# उपचुनाव में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, धमना चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 10 जुलाई।** दतिया विधानसभा उपचुनाव-2026 के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। इसी क्रम में विकासखंड भाण्डेर अंतर्गत धमना चेक पोस्ट पर थाना सरसई के थाना प्रभारी आकाश संसिया के नेतृत्व में लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन की गहन जांच कर संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस दल वाहन चालकों से आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने के साथ-साथ नकदी, शराब, अवैध हथियार एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री के परिवहन पर विशेष निगरानी रख रहा है। जांच के दौरान प्रत्येक वाहन की बारीकी से पड़ताल की जा रही है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

### विस उप निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षकों के मोबाइल नम्बर

दतिया विधानसभा उप निर्वाचन 2026 को शांति पूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्भीक रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 22 दतिया के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक नियुक्त हैं जिनके नाम एवं मोबाईल नम्बर इस प्रकार है सामान्य प्रेक्षक विजय भारती आईएएस मोबा. नं. 7415345675, पुलिस प्रेक्षक के. थियागराजन आईपीएस मोबा. नं. 7701045647, व्यय प्रेक्षक विशाल मलानी 9098157098। सभी प्रेक्षकगण सर्किट हाउस दतिया में निवासरत है।



### 7 स्थायी वारंटी गिरफ्तार एवं 61 गिरफ्तारी वारंट तामील

आगामी विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर दतिया पुलिस द्वारा रात्रि में जिलेभर में सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खण्डेलवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह चावला के मार्गदर्शन तथा जिले के राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में संचालित किया गया। टीआई दतिया कोतवाली दिनेश राजपूत, थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग गश्त की गई। कॉम्बिंग गश्त से पूर्व अनुभागवार पुलिस बल को एकत्रित कर आवश्यक ब्रीफिंग दी गई, जिसके उपरांत अलग-अलग टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में रवाना किया गया। कॉम्बिंग गश्त के दौरान 7 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किए गए, 61 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, 61 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों एवं 133 गुंडा बदमाशों की आकस्मिक चेकिंग की गई। जिले के लगभग 150 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी इस अभियान में शामिल रहे। रात्रि के दौरान होटल, ढाबों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एटीएम, सार्वजनिक स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की सघन चेकिंग की गई। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर वाहनों की जांच भी की गई।

## बजरंग दल ने किया पौधरोपण

**दतिया, 10 जुलाई।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल भांडेर प्रखंड द्वारा साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आयोजन किए गए। कार्यक्रम के तहत लोहपिटा समाज की सेवा बस्ती में कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही हसापुर स्थित आदिवासी समुदाय के बीच पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को फल वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। पौधरोपण से जहां पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया, वहीं फल वितरण के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्ग के प्रति सेवा भाव व्यक्त किया गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की भी अपील की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश दांगी, प्रखंड उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, बजरंग दल संयोजक सुजीत सेंगर, प्रखंड मंत्री सुनील प्रजापति, प्रखंड सह मंत्री गौरव राजावत, गौ सेवा प्रमुख दिलीप साहू, मठ-मंदिर प्रमुख राहुल तिवारी, लाला कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने समाज सेवा के ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित



# अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की लगातार प्रभावी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 10 जुलाई।** जिले भर में 12 प्रकरण दर्ज, 385 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब एवं 110 क्वार्टर देशी प्लेन शराब (अनुमानित कीमत 48,460) जब्त, 1 लाख कीमती लहान किया नष्ट। जिले में आगामी विधानसभा उप-चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलेभर में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 12 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई के दौरान कुल 385 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब एवं 110 क्वार्टर देशी प्लेन शराब, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 48,460 है, जब्त की गई। साथ ही विभिन्न स्थानों पर बड़ी मात्रा में अवैध शराब निर्माण हेतु तैयार किया गया गुड़ लहान भी मौके पर नष्ट किया गया। थाना दुरसड़ा थाना प्रभारी सविता शर्मा ने 3 प्रकरण दर्ज कर कुल 120 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त की।

थाना बड़ौनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 68 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जब्त की। थाना अतरेटा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की। थाना गोराघाट पुलिस ने 24 क्वार्टर देशी प्लेन शराब बरामद कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया। थाना पण्डोखर पुलिस ने 04 अलग-अलग कार्रवाइयों में 90 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब एवं 18 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जब्त की। थाना थरेट पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

## दो व्यक्ति जिला बदर

**दतिया, 10 जुलाई।** दतिया जिले में होने वाले विधानसभा उप निर्वाचन को शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखड़े द्वारा अनावेदक ठाकुरदास अहिरवार पुत्र कुंजीलाल अहिवार निवासी लोई बड़ौनी थाना बड़ौनी म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 धारा 3 की सहपठित धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन माह तक कालावधि के लिए जिला दतिया एवं उससे लगे अन्य जिले शिवपुरी, ग्वालियर, भिण्ड जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का निष्कासन आदेश जारी किया है।

साथ ही आदेश किया कि उक्त प्रतिबंधित जिलों की सीमाओं से बाहर चले जाने की सुनिश्चितता हेतु अनावेदक प्रत्येक माह निष्कासन अवधि में अपने निवास के स्पष्ट डाक पता की सूचना थाना प्रभारी थरेट को डाक या अन्य माध्यम से भेजेगा। इसी प्रकार अंकित उर्फ अंकित पठानी पुत्र स्व. राजकुमार वर्मा निवासी गोविन्द मंदिर के पीछे दतिया थाना कोतवाली को छह माह की कालावधि के लिए निर्बन्धित किया गया है।

# सनकुंआ घाट पर अवैध मछली पकड़ने वालों के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई

**▸ गत दिवस नवभारत में छपी खबर का असर**



**सेंवढ़ा, 10 जुलाई।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में तहसीलदार, मत्स्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सनकुंआ घाट क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वालों के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान घाट क्षेत्र में निरीक्षण कर अवैध रूप से मछली पकड़ने में प्रयुक्त सामग्री की जांच की गई तथा संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की सख्त चेतावनी दी गई। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि प्रतिबंधित अथवा अवैध तरीके से मछली पकड़ने जैसी गतिविधियों में शामिल न हों तथा ऐसी किसी भी जानकारी की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, जिससे प्राकृतिक संसाधनों एवं जलीय जीवों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# बार-बार मोटर खराब होने से भांडेर में गहराया जल संकट

**▸ 15 दिन में दूसरी बार मोटर खराब, नगर परिषद की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल**

**दतिया, 10 जुलाई।** भाण्डेर नगर में पेयजल संकट एक बार फिर गहरा गया है। पिछले तीन दिनों से नगर के अधिकांश मोहल्लों में नलों से पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची है, जिससे हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार मोटर खराब होने की घटनाओं और समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि बीते 15 दिनों के भीतर दूसरी बार जलप्रदाय की मोटर खराब हुई है जिससे लोगों में नगर परिषद के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

नगर के विभिन्न वार्डों में रहने वाले नागरिकों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। सुबह-शाम लोग नलों के पास पानी आने का इंतजार करते हैं, लेकिन निराशा ही हाथ लगती है। कई परिवारों को पीने के पानी के लिए निजी बोरवेल, हैंडपंप और टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। जिन क्षेत्रों में निजी जल स्रोत उपलब्ध नहीं हैं, वहां लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद हर बार मोटर खराब होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करती है। यदि जलप्रदाय व्यवस्था का नियमित रखरखाव और समय-समय पर तकनीकी निरीक्षण किया जाता, तो बार-बार ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती।



## प्रभारी सीईओ ने किया विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**दतिया, 10 जुलाई।** दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन-2026 के तहत मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरभि जैन ने दतिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सुश्री जैन ने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, मतदान कक्षों की व्यवस्था, पेयजल, बिजली, शौचालय, रैम्प सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं तथा मतदान दिवस पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर स्वच्छता, सुरक्षा एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया।

# लोकतंत्र की सबसे वरिष्ठ साक्षी को अंतिम विदाई

### धमना की 115 वर्षीय मतदाता अवधरानी का निधन



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 10 जुलाई।** जिला दतिया ग्राम धमना की सर्वाधिक आयु की मतदाता एवं लोकतांत्रिक परंपरा की जीवंत साक्षी श्रीमती अवधरानी (पतली अब्दु) का लगभग 115 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे ग्राम में शोक की लहर व्याप्त है। वे मतदान के प्रति जागरूकता और लोकतंत्र में नागरिक सहभागिता का प्रेरणास्रोत थीं।

सर्वाधिक आयु की मतदाता होने के कारण उन्हें जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विशेष रूप से चिन्हित किया गया था तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भाण्डेर द्वारा सम्मानित भी किया गया था।

अवधरानी जी अपने मायके ग्राम धमना में अपने भाई के साथ रहती थीं। कुछ वर्ष पूर्व उनके भाई का भी निधन हो गया था, जिसके बाद वे अपने भतीजों के परिवार के साथ रह रही थीं। ग्रामीणों के अनुसार उनका विवाह हुआ था, किंतु विवाह के बाद वे पुन: अपने मायके लौट आईं और फिर ससुराल नहीं गईं।

जीवनभर उन्होंने सादगी, आत्मसम्मान और धार्मिक आस्था के साथ जीवन व्यतीत किया। वे प्रतिदिन भगवान की नियमित पूजा-अर्चना करती थीं।

## बीकर में कक्षा-6 प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**दतिया, 10 जुलाई।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बीकर, जिला दतिया (म.प्र.) में शैक्षणिक सत्र 2027-28 हेतु कक्षा-6 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले के वे विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा-5 में अध्ययनरत हैं तथा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूर्ण करते हैं वे आवेदन करने के पात्र हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तथा चयन परीक्षा की तिथि 28 नवम्बर निर्धारित की गई है। अभिभावकों एवं इच्छुक विद्यार्थियों से कहा गया है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन करें।

# कृषकों एवं छात्रों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच : डॉ. सुशील कुमार



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 10 जुलाई।** वैज्ञानिक तकनीकों का प्रभावी प्रसार, सतत् मत्स्य उत्पादन तथा ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे आयोजन वैज्ञानिकों, कृषकों एवं विद्यार्थियों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच हैं। उक्त बात रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, के मात्स्यिकी महाविद्यालय, नोनेर (दतिया) परिसर में राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवसदृ2026 के उपलक्ष्य में बोलते हुए मुख्य अतिथि निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. सुशील कुमार सिंह नें कही

विशिष्ट अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की सहायक महानिदेशक, डॉ. देविका पिल्लई, पूर्व कुलसचिव डॉ. बी. मनोज कुमार, मात्स्यिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रगतिशील मत्स्य किसान, वैज्ञानिक, शिक्षकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. गिरिजा सौरभ बेहेरे ने किया।

## अमानक पॉलीथिन ले जा रहे पिकअप चालक पर नपा ने लगाया जुर्माना

**गुना।** नगरपालिका द्वारा शहर में प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव और उनकी टीम ने सिंधिया पार्क के सामने हाट रोड गल्ला मंडी में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल, पुराना गल्ला मंडी क्षेत्र से म्याना की ओर सामान लेकर जाने वाली एक पिकअप वाहन में लोड की जा रही तीन कट्टे प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन जब्त की गई है।

इस पॉलिथीन का वजन लगभग 75 से 90 किलोग्राम है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 18 हजार रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान जब पिकअप ड्राइवर ने संबंधित बेसन व्यापारी को फोन लगाया, तो व्यापारी ने उक्त अमानक पॉलिथीन अपनी होने से साफ इनकार कर दिया। व्यापारी द्वारा माल स्वीकार न करने पर नपा टीम ने पिकअप ड्राइवर पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए एक हजार रुपए का अर्थदंड लगा दिया। इसके साथ ही स्वच्छता निरीक्षक द्वारा ड्राइवर को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में दोबारा प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन का परिवहन करते पाए गए, तो 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा।

# जीवन कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की आधारशिला है : मिश्रा



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 10 जुलाई।** प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर के रूप में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण एवं जीवन कौशल आधारित गतिविधियों से जोड़ते हुए उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। जीवन कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बेहतर भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उक्त बात स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती विद्या मिश्रा कही।

हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर (शिक्षक) प्रशिक्षण का आयोजन 7 जुलाई से 9 जुलाई तक किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को हुआ, जिसमें जिले के लगभग 80 चयनित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर शैलेन्द्र खरे, जिला मास्टर ट्रेनर डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, मनोज तिवारी एवं उर्मिला कुशवाहा ने प्रतिभागी शिक्षकों को विश्व स्वास्थ्य संगठन (भ्०) द्वारा निर्धारित 10 प्रमुख जीवन कौशलकृस्व-जागरूकता, समानुभूति, अंतरव्यक्तिक संबंध, प्रभावी संवाद कौशल, समालोचनात्मक चिंतन, रचनात्मक चिंतन, निर्णय लेना, समस्या समाधान, तनाव प्रबंधन तथा भावनाओं के प्रबंधन कृपर गतिविधि आधारित एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से संचालित कर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता, सकारात्मक सोच एवं जीवन कौशल विकसित करने का संकल्प लिया।

## अपहृत नाबालिग किशोरी सुरक्षित बरामद

**गुना, 10 जुलाई।** मृगवास थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र से अपहृत हुई एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को सुरक्षित बरामद कर उसके परिवार से मिला दिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन और एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में मृगवास थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। 6 जुलाई 2026 को पीड़िता के पिता ने उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी संदीप यादव और टीम ने मुखबिर तंत्र व तकनीकी संसाधनों की मदद से 9 जुलाई को किशोरी को सुरक्षित ढूंढ निकाला।

# दो साल पहले बच गए थे, फिर सांप ने काटा, इस बार मौत

**नवभारत न्यूज**

**गुना, 10 जुलाई।** पड़ोसी अशोकनगर जिले के ग्राम भैंसरवास से अंधविश्वास और एक हैरान कर देने वाले संयोग से जुड़ा बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां खेत में अपनी फसल देखने गए एक 50 वर्षीय किसान की सांप के काटने से मौत हो गई। किसान को गुना जिला अस्पताल में तब भर्ती कराया गया, जब परिजन अशोकनगर और गुना जिले के अलग-अलग झाड़-फूंक स्थलों से निराश हो गए। लेकिन तब तक जहर किसान के शरीर में पूरी तरह फैल चुका था।

जानकारी सामने आई है कि भैंसरवास निवासी 50 वर्षीय किसान किसान चिरोंजीलाल 9 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे अपने खेत पर फसल को देखने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान खेत में छिपे एक जहरीले सांप ने उनके पैर में काट लिया।

सांप के काटते ही चिरोंजीलाल की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। सर्पदंश की जानकारी मिलने के बाद परिजन किसान को तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय अंधविश्वास के जाल में फंस गए। वे चिरोंजीलाल को लेकर अशोकनगर से लेकर पड़ोसी जिले गुना के बोरखेड़ा तक दो अलग-अलग जगहों पर झाड़-फूंक कराने के लिए भटकते रहे। इस अंधविश्वास के चक्कर में कीमती 5 से 6 घंटे बर्बाद हो गए और जहर पूरे शरीर में फैल गया। स्थिति बेहद नाजुक होने पर परिजन उन्हें लेकर गुना जिला अस्पताल पहुंचे।

गुना जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने किसान को भर्ती कर उपचार शुरू किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। आखिरकार, शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे उपचार के दौरान किसान चिरोंजीलाल ने दम तोड़ दिया।

### पहले अनदेखी की, इस बार नहीं बचे

ग्रामीणों ने बताया कि चिरोंजीलाल के साथ नियति का एक अजीब क्रूर संयोग रहा। ठीक 2 साल पहले भी वे इसी खेत में सर्पदंश का शिकार हुए थे। उस समय समय पर इलाज मिलने या जहर कम होने के कारण उनकी जान बच गई थी, लेकिन इस बार अंधविश्वास और देरी ने उनकी जान ले ली।

अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है।